BULANDSHAHR POLICE

दिनांक 03 अक्टूबर, 2024 **थाना खुर्जा नगर**

विजय पाठक की हत्या में संलिप्त 25,000/- रुपये का पुरस्कार घोषित अपराधी गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि दिनांक 24.12.2014 को थाना रामघाट क्षेत्रान्तर्गत पहावली पुलिया के नीचे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था जिसके सम्बन्ध में ग्राम चौकीदार परहावली द्वारा थाना रामघाट पर मुअस- 144/14 धारा 302,201 भादवि पंजीकृत किया गया था। उक्त मृतक व्यक्ति की पहचान विजय पाठक पुत्र राम भरोसे निवासी रामनगर थाना बन्नादेवी जनपद अलीगढ़ के रूप मे हुई थी।

उक्त के क्रम मे जांच/छानबीन में 1. वीरपाल सिंह पुत्र महोकम सिंह निवासी ग्राम बझेडा थाना रामघाट जनपद बुलन्दशहर 2. चन्दन पुत्र नहार सिंह निवासी उपरोक्त 3. टुन्ना पुत्र कमल यादव निवासी साहबगंज चौकी भागलपुर बिहार के नाम प्रकाश में आये। मुकदमा उपरोक्त मे अभियुक्त टुन्ना व चन्दन उपरोक्त को वर्ष 2015 में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इस मुकदमें में वीरपाल सिंह उपरोक्त लगातार फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर महोदय द्वारा 25,000/- रुपये का ईनाम घोषित किया गया था। दिनांक 02.10.2024 की रात्रि मे थाना खुर्जा नगर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त वीरपाल सिंह उपरोक्त को जनपद इलाहाबाद/प्रयागराज के थाना धूमनगंज क्षेत्र के कैलाशपुरी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी के संबंध में थाना खुर्जा नगर पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1- वीरपाल सिंह पुत्र मोहकम सिंह निवासी ग्राम बझेडा थाना रामघाट जनपद बुलन्दशहर।

गिरफ्तार अभियुक्त वीरपाल का आपराधिक इतिहास-

1. मुअसं- 37/90 धारा 147/148/149/302 भादवि थाना रामघाट जनपद बुलन्दशहर।
2. मुअसं- 65/97 धारा 2/3 गैगस्टर थाना रामघाट जनपद बुलन्दशहर।
3. मुअसं- 143/01 धारा 110 जी सीआरपीसी थाना रामघाट जनपद बुलन्दशहर।
4. मुअसं- 196/07 धारा 2/3 गैगस्टर थाना रामघाट जनपद बुलन्दशहर।
5. मुअसं- 195/07 धारा 147/148/149/307/504/447 भादवि थाना रामघाट जनपद बुलन्दशहर।
6. मुअसं- 144/14 धारा 302/201 भादवि थाना रामघाट जनपद बुलन्दशहर।
7. मुअसं- 01/16 धारा 174ए भादवि थाना रामघाट जनपद बुलन्दशहर।
8. मुअसं- 234/20 धारा 323/324/504/506 भादवि थाना देहली गेट जनपद अलीगढ़।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. श्री राजपाल सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना खुर्जा नगर
2. व0उ0नि0 श्रीमति पुनम जादौन, उ0नि0 सतीशचन्द्र
3. है0का0 सितम सिंह, है0का0 आशीष कुमार, का0 श्यामू सिंह, का0 प्रवेश बैसला

मीडिया सेल बुलंदशहर